दिनांक : 26/07/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन यूरोपीय देशों की यात्रा संपन्न कर स्वदेश लौटीं
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे 'मन की बात' के 136वें एपिसोड में देश से संवाद
3. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज निवाड़ी को देंगे 193 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात
4. प्रदेश के 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी बनी रहेगी।

.....................................................................................

राष्ट्रपति यात्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मोल्दोवा, उत्तर मैसिडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा संपन्न कर आज सुबह नई दिल्ली लौट आईं। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ने तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की और व्यापार, शिक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवाचार और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की. यह मोल्दोवा और उत्तर मैसिडोनिया की किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली राजकीय यात्रा थी, वहीं रोमानिया की तीन दशक से अधिक समय बाद पहली राजकीय यात्रा रही।

.....................................................................................

पीएम- विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवा शामिल होंगे. यह कार्यक्रम पिछले महीने 4 से 30 जून तक दो चरणों में आयोजित किया गया था, जिसके तहत लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 74 वाइब्रेंट गांवों को शामिल किया गया. प्रतिभागियों का चयन देशव्यापी ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता के जरिए हुआ, जिसमें तीन लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया.

.................................................................................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट औऱ न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसके साथ ही एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

.................................................................................

सरकार- सीजेपी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल केंद्र सरकार और कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के बीच सहमति बन गई, जिसके बाद पार्टी ने अपना राष्ट्रव्यापी आंदोलन तत्काल प्रभाव से वापस लेने का ऐलान किया। सीजेपी ने बताया कि सरकार ने उनकी सभी प्रमुख मांगें स्वीकार कर ली हैं, जिनमें नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को अधिकतम संभव मुआवजा देना भी शामिल है। पार्टी के अनुसार केंद्र और एनडीए शासित राज्यों में आंदोलन से जुड़े प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर वापस ली जाएंगी और भविष्य में कोई नई कार्रवाई नहीं होगी।

.................................................................................

सीएम- निवाड़ी कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज निवाड़ी जिले को विकास कार्यों की सौगात देंगे. वे संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण करेंगे. साथ ही करीब 193 करोड़ रुपये की लागत से बने 59 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी करेंगे। डॉ. यादव निवाड़ी में 46 और पृथ्वीपुर में 29 राजस्व स्टॉफ आवासों का लोकार्पण करेंगे. इसके अलावा जिला चिकित्सालय निवाड़ी के 100 बिस्तरीय भवन को अपग्रेड किया जाएगा. जेवरा, पृथ्वीपुर और सेंदरी में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और संजीवनी क्लिनिक का भी लोकार्पण होगा।

## फास्ट ट्रैक कोर्ट

प्रदेश में पेपर लीक, नकल और परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े मामलों के लिए चार विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जाएंगी. हाई कोर्ट ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में इन अदालतों को नामित किया है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की पहल पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशों को इनकी जिम्मेदारी दी गई है. ये अदालतें प्रश्नपत्र लीक और अनुचित साधनों से जुड़े मामलों की सुनवाई करेंगी और आरोपपत्र दाखिल होने के तीन महीने के भीतर मामलों का निपटारा करेंगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पन्ना में इसका ऐलान किया था. सरकार का मानना है कि इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं का भरोसा बढ़ेगा।

## सीएम- दतिया उपचुनाव

दतिया उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शाम दतिया में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते हैं और उनके कल्याण के लिए काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में हर समाज को प्रतिनिधित्व मिलता है, जबकि कांग्रेस पर उन्होंने परिवार आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया. वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी ने विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग मोर्चे और प्रकोष्ठ बनाए हैं, ताकि सभी समाजों को संगठन में उचित भागीदारी मिल सके.

## ट्विशा शर्मा केस

मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में आरोपित उनकी सास और भोपाल की पूर्व जिला न्यायाधीश गिरीबाला सिंह को फिलहाल राहत नहीं मिली है. विशेष सीबीआई न्यायालय ने कल देर शाम उनकी नियमित जमानत अर्जी खारिज कर दी. बचाव पक्ष ने दलील दी कि गिरीबाला सिंह वरिष्ठ नागरिक हैं और स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं. वहीं सीबीआई ने कहा कि सिर्फ उम्र या महिला होने के आधार पर राहत नहीं दी जा सकती. अब गिरीबाला सिंह और सह-आरोपी समर्थ सिंह न्यायिक हिरासत में रहेंगे।

.....................................................................................

अतिथि शिक्षकों को अवकाश

प्रदेश सरकार ने राज्य के करीब 90 हजार अतिथि शिक्षकों के हित में बड़ा फैसला लिया है. अब इन शिक्षकों को पूरे शैक्षणिक सत्र में 10 दिन का आकस्मिक अवकाश यानी सीएल मिलेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। अब तक अतिथि शिक्षकों को सत्र में एक भी सीएल नहीं मिलती थी। नई व्यवस्था के तहत पदभार ग्रहण करते ही शिक्षक को 1 दिन की सीएल मिलेगी, और हर 30 दिन की सेवा पर 1 अतिरिक्त सीएल जुड़ेगी. हालांकि एक बार में अधिकतम 3 सीएल ही ली जा सकेंगी.

.....................................................................................

कारगिल विजय दिवस

आज पूरा देश कारगिल विजय दिवस मना रहा है। यह 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देने का दिन है. यह दिन उस विजय अभियान की याद दिलाता है, जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने लद्दाख के कारगिल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी घुसपैठियों से रणनीतिक पर्वतीय शिखरों को वापस हासिल किया था।

.....................................................................................

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। मौसम विभाग ने आज  शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. यहां 4 इंच या इससे अधिक पानी गिर सकता है, वहीं भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर सहित प्रदेश के 50 जिलों में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी बनी रहेगी।

.....................................................................................

ओंकारेश्वर दर्शन व्यवस्था

खंडवा जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था को और सुगम बना दिया गया है. जिला प्रशासन ने शनिवार को एकादशी

के दिन नई दर्शन व्यवस्था लागू की. खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने बताया कि शुकदेव मुनि द्वार के चौड़ीकरण का काम पूरा हो चुका है, जिसके बाद अब श्रद्धालुओं को दस फीट की दूरी से दर्शन कराए जा रहे हैं और दर्शन के बाद उनकी निकासी चांदी द्वार से की जा रही है।

...........................................................................

मुख्यमंत्री तीर्थ योजना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत मण्डला जिले के 196 वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं का दल कल मथुरा-वृंदावन यात्रा के लिए रवाना हुआ. जिला योजना भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने बसों को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को विदा किया. श्रद्धालुओं का यह दल बसों से नैनपुर पहुंचा, जहां से आगे की यात्रा रेल मार्ग से की गई.

...........................................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- झाबुआ में कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कल सनसनीखेज अपराधों की समीक्षा की, बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।
2- आगरमालवा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए छह दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
3- कान्हा टाइगर रिजर्व, मंडला के ग्राम खटोला से 24 जुलाई को रेस्क्यू किए गए तेंदुए की उपचार के दौरान कल मृत्यु हो गई। वन विभाग के अनुसार तेंदुए को रेस्क्यू के बाद चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया था।
4- उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बीट बरबसपुर में कल एक मादा बाघिन का रेस्क्यू कर उसके गले में लगे रेडियो कॉलर को हटाकर उसे प्राकृतिक आवास जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया
5- शाजापुर पुलिस लाइन में कल रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

...........................................................................